# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–22 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के गया में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन समारोह के दौरान भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने एक सौ तीसवाँ संविधान संशोधन विधेयक–दो हजार पचीस का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून लेकर आई है और प्रधानमंत्री पद भी इस दायरे में है।

***एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐसा कानून लाई है तो प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री या फिर कोई भी मंत्री, उसे गिरफ्तारी के 30 दिनों के अंदर जमानत लेनी होगी और अगर जमानत नहीं मिली तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी पड़ेगी।***

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा नीति को एक नई दिशा दी है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और वैशाली तथा कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका बनाने की योजना पर काम शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने योजना की विभिन्न विशेषताओं के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने योजना को हब एंड स्पोक मॉडल पर लागू करने को कहा। उन्होंने नगरों में इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित करने और आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी शीघ्र तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने नगर निगम कर बकाए की विसंगतियों पर अभियान चला कर समाधान निकालने और नगर आयुक्त, महापौर, कार्यकारिणी समिति तथा नगर निगम बोर्ड की वित्तीय स्वीकृति सीमाओं का तत्काल विस्तार करने का निर्देश दिया। उन्होंने पीपीपी मोड पर लखनऊ में शहीद चंद्रशेखर आजाद अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग रेंज एवं बहुद्देश्यीय खेल परिसर की स्थापना के भी निर्देश दिए।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आवारा कुत्तों को पकड़ने और उन्हें आश्रय स्थल भेजने से जुडे अपने पूर्व निर्देशों में संशोधन किया है। पीठ ने निर्देश दिया है कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उनके इलाके में छोड़ दिया जाना चाहिए। निर्देश के मुताबिक रेबीज से संक्रमित या आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को नहीं छोडा जाएगा। एक रिपोर्ट –

***न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने आवारा कुत्तों पर एक अखिल भारतीय नीति बनाने के लिए सभी केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य सरकारों को पक्षकार बनाया है। विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित ऐसी सभी याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा। समाचार कक्ष से वैष्णवी।***

**********

वाराणसी, रेल पटरियों के बीच पोर्टेबल सौर पैनल प्रणाली स्थापित करने वाला देश का पहला शहर बन गया है। बनारस रेल इंजन कारखाना–बरेका के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कारखाना परिसर में पाच दशमलव आठ किलोमीटर यार्ड ट्रैक पर सोलर पैनल लगा कर पूरे देश में यह पहला अनूठा प्रयोग किया गया।

**********

लखनऊ निवासी भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने राष्ट्रपति के साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव साझा किए।

**********

वाराणसी स्थित भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान–आईआईटी–बीएचयू और लखनऊ की इंटिग्रल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने माइक्रो एल्गी उगाने की एक नई तकनीक विकसित की है। इस तकनीक से अधिक तेल प्राप्त कर बायोफ्यूल बनाया जा सकता है। शोध से जुड़े आईआईटी–बीएचयू के स्कूल ऑफ बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विशाल मिश्रा ने बताया कि इस तकनीक से स्वच्छ ईंधन बनाने, पर्यावरण की रक्षा करने और जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों मे कहीं–कहीं आज दोपहर बाद हुई बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली है। अभी भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर रुक रुक कर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग द्वारा अगले दो दिनों तक कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच, बारिश और बाढ़ के कारण प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। अयोध्या जिले में सरयू नदी के बढ़े हुए जलस्तर को देखते हुए एक सौ पचास से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर लाया गया है। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि फिलहाल नदी के जल स्तर में गिरावट शुरू हो गई है।

**********